University in News on 10 September 2024

HINDUSTAN PAGE 8

दीक्षांत का परिधान कुर्ता पैजामा, साड़ी

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में 16 सितंबर को आयोजित होने वाले 67वें दीक्षांत समारोह के लिए कुलपति, शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं के परिधान सोमवार को तय किए गए।

समारोह में पुरुष शिक्षक, अधिकारी, प्राधिकारी, सदस्य बंद गले का काला कोट, काली पैन्ट, काला जूता और महिला शिक्षिकाओं, अधिकारी, प्राधिकारी सदस्यों को गोल्डेन बॉर्डर सहित क्रीम सिल्क साड़ी, क्रीम ब्लाउज व काला जूता पहनना होगा।

छात्रों के लिए मैरून कुर्ता, क्रीम चूड़ीदार पैजामा, काला जूता और अंगवस्त्र में क्रीम कलर साटन कपड़े पर बाहरी बार्डर पट्टी गोल्डन कलर और भीतर बार्डर पट्टी महरून होगी। छात्राएं गोल्डन बॉर्डर के साथ मैरून साड़ी या मैरून कुर्ता , चूड़ीदार क्रीम सलवार व क्रीम कलर के अंगवस्त्र में गोल्ड बॉर्डर होना चाहिए। एलयू के कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि उपाधि प्राप्तकर्ताओं को देय शुल्क कैशियर कार्यालय में जमा करना होगा।

कुलाधिपति, कुलपति और मुख्य अतिथि के वस्त्र तय

कुलाधिपति : क्रीम सिल्क कपड़े पर गोल्ड एवं मैरून जरदोजी।

कुलपति : गोल्ड सिल्क कपड़े पर महरून जरदोजी।

मुख्य अतिथि : डल ऑरेंज सिल्क कपडे पर गोल्ड जरदोजी।

मानद उपाधि प्राप्तकर्ता : नेवी ब्लू कपड़े पर गोल्ड, महरून जरदोजी।

कुलसचिव : हरे कपड़े पर गोल्ड जरदोजी।

शिक्षकों को 21वीं सदी की चुनौतियां बताईं

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र में 24वें गुरू दक्षता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय और कला संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद मोहन ने उद्बोधन दिया। 21वीं सदी की चुनौतियां बताईं। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों का विश्वविद्यालय परिसर में स्वागत किया। उन्होंने ज्ञान के सृजन को संस्थान का मुख्य लक्ष्य बताया।

गुरु दक्षता कार्यक्रम शुरू

LUCKNOW (9 Sept) : एलयू के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के 24 दिवसीय गुरू दक्षता कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को हुआ. वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने विभिन्न संस्थाओं से आए हुए सभी प्रतिभागी शिक्षकों का स्वागत कर ज्ञान के सृजन को किसी भी संस्थान का मुख्य लक्ष्य बताया.

i-NEXT PAGE 4

एलयू के दीक्षा समारोह के लिए ड्रेस कोड तय

सोमवार को होगा एलयू का 67वां दीक्षा समारोह

LUCKNOW (9 SEP): एलयू का 67वां दीक्षा समारोह 16 सितंबर को होगा. इसमें प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों, शिक्षिकाओं और उपाधि एवं पदक धारकों के लिए परिधान का निर्धारण कर दिया गया है. इसमें कोई बदलाव नहीं है. पुरुष शिक्षक एवं अधिकारी बंद गले का काला कोट, काली पैंट व जूता पहनेंगे. महिला शिक्षिकाएं एवं अधिकारी गोल्डन बार्डर सहित क्रीम सिल्क साड़ी, क्रीम ब्लाउज व काला जूता पहनेंगी.

स्टूडेंट्स के लिए ड्रेस कोड

छात्र महरून कुर्ता, क्रीम चूड़ीदार पैजामा, काला जूता व निर्धारित अंगवस्त्र पहनेंगे. वहीं, छात्राएं महरून साड़ी, गोल्डन बार्डर के साथ या चुन्नी/हिजाब के साथ महरून कुर्ता, क्रीम कलर की चूड़ीदार सलवार व अंगवस्त्र पहनेंगी. कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि समारोह के सहभागियों को अंगवस्त्र, परिधान 14 व 15 सितंबर को सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक प्राक्टर कार्यालय के कमरा नंबर पांच से मिलेगा.

सभी को पत्र भेजा गया

वीसी ने निर्देश दिए कि दीक्षा समारोह की तैयारी में पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन और नगर निगम को भी आयोजन के संबंध में अवगत करा दें. कुलानुशासक ने बताया की सभी को पत्र भेजा जा चुका है. वीसी ने राज्यपाल के आगमन, प्रस्थान और पदकों के बारे में विस्तृत जानकारी लेकर उसको बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए.

वीसी ने परखीं तैयारियां

दीक्षा समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को वीसी प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने मंथन कक्ष मे बैठक की. इसमें सभी समितियों से संबंधित शिक्षक उपस्थित रहे. वीसी प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने दीक्षा समारोह के लिए पंडाल की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली.

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : दीक्षा समारोह के लिए परिधान तय

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय का 67वां दीक्षा समारोह 16 सितंबर को होगा। इसमें प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों, शिक्षिकाओं और उपाधि एवं पदक धारकों के लिए परिधान का निर्धारण कर दिया गया है। इसमें कोई बदलाव नहीं है। पुरुष शिक्षक एवं अधिकारी बंद गले का काला कोट, काली पैंट व जूता पहनेंगे। महिला शिक्षिकाएं एवं अधिकारी गोल्डन बार्डर सहित क्रीम सिल्क साड़ी, क्रीम ब्लाउज व काला जूता पहनेंगी।

छात्र महरून कुर्ता, क्रीम चूड़ीदार पैजामा, काला जूता व निर्धारित अंगवस्त्र पहनेंगे। वहीं, छात्राएं महरून साड़ी, गोल्डन बार्डर के साथ या चुन्नी/हिजाब के साथ महरून कुर्ता, क्रीम कलर की चूड़ीदार सलवार व अंगवस्त्र पहनेंगी। कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि समारोह के सहभागियों को अंगवस्त्र, परिधान 14 व 15 सितंबर को सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक प्राक्टर कार्यालय के कमरा नंबर पांच से मिलेगा।

14 व 15 सितंबर को सुबह 10 से होगा वितरण, शिक्षक शिक्षिकाओं एवं उपाधिधारकों का ड्रेस कोड निर्धारित

कुलपति ने बैठक कर परखीं तैयारियां

लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह की तैयारियों को लेकर रविवार को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने मंथन कक्ष मे बैठक की। इसमें सभी समितियों से संबंधित शिक्षक उपस्थित रहे। कुलपति ने दीक्षा समारोह के लिए पंडाल की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। उन्हें पंडाल में बैठने की व्यवस्था, मंच की व्यवस्था, उसकी साज-सज्जा तथा पंडाल और परिसर में विभिन्न स्थानों पर लगने वाले एनसीसी कैडेट्स, स्वयं सेवकों के बारे में बताया गया। कुलपति ने निर्देश दिए कि दीक्षा समारोह की तैयारी में पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन और नगर निगम को भी इस आयोजन के संबंध में अवगत करा दिया जाय। कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि सभी को पत्र भेजा जा चुका है। कुलपति ने राज्यपाल के आगमन, प्रस्थान और पदकों के बारे में विस्तृत जानकारी लेकर उसको बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

लखनऊ विश्वविद्यालय में होने वाले दीक्षा समारोह की तैयारी को लेकर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बैठक की • सौजन्य से लवि

RASHTRUAYA SAHARA PAGE 5

दीक्षांत समारोह : छात्र पहनेंगे कुर्ता-पायजामा, छात्राएं साड़ी

लखनऊ (एसएनबी)। 16 सितंबर को लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले 67वें दीक्षांत समारोह के लिए कुलपति, शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं के परिधान सोमवार को तय किए गए। समारोह में पुरूष शिक्षक, अधिकारी, प्राधिकारी सदस्य वंद गले का काला कोट, काली पैन्ट, काला जूता और महिला शिक्षिकाओं, अधिकारी, प्राधिकारी सदस्यों को गोल्डेन वॉर्डर सहित क्रीम सिल्क साडी, क्रीम व्लाउज व काला जूता पहनना होगा।

समारोह के लिए निर्धारित किए गए परिधान

छात्रों के लिए मैरून कुर्ता, क्रीम चूड़ीदार पैजामा, काला जूता और अंगवस्त्र में क्रीम कलर साटन कपड़े पर वाहरी वार्डर पट्टी गोल्डन कलर और भीतर वार्डर पट्टी मैरून कलर की होगी। जवकि छात्राएं गोल्डन वॉर्डर के साथ महरून साडी या महरून कुर्ता (चुन्नी या हिजाव के साथ), चूडीदार क्रीम सलवार व क्रीम कलर के अंगवस्त्र में गोल्डन वॉर्डर होना चाहिए। अंगवस्त्र उपाधि प्राप्तकर्ताओं को नियमानुसार देय शुल्क कैशियर कार्यालय में जमा करना होगा। इसी के साथ ही कुलाधिपति/ राज्यपाल के लिए क्रीम सिल्क कपड़े पर गोल्ड एवं महरून जरदोजी, कुलपति - गोल्ड सिल्क कपड़े पर मैरून जरदोजी, मुख्य अतिथि --डल ऑरेंज सिल्क कपडे पर गोल्ड जरदोजी, मानद उपाधि प्राप्त कर्ता- - नेवी व्लू कपडे पर गोल्ड एवं महरून जरदोजी, कुलसचिव- हरे कपड़े पर गोल्ड जरदोजी, विद्या परिषद सदस्य-- गोल्डन कलर साटन कपड़े पर मैरून वॉर्डर और कार्य परिषद सदस्य - मैरून कलर साटन कपडे पर गोल्डन वॉर्डर पहन कर दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

ज्ञान का सृजन शिक्षण संस्थान का मुख्य लक्ष्य : कुलपति

स्वतंत्र भारत संवादादात, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के 24वें गुरू दक्षता कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय तथा कला संकाय अध्यक्ष प्रो.अरविंद मोहन ने कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र पर अपना उद्बोधन दिया। प्रो.कमल कुमार, निदेशक एमएमटीटीसी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और विश्व के सामने उपस्थित गतिमय समस्याओं को उजागर करते हुए उच्च शिक्षा की भूमिका का उल्लेख किया। कार्यक्रम में प्रो.अल्का पांडे, उप निदेशक एमएमटीटीसी, प्रो.प्रशान्त श्रीवास्तव, प्रो.संगीता साहु, डा.किरन लता आदि उपस्थित रहे। उन्होंने कुलपति को धन्यवाद करते हुए विश्वविद्यालय की विशिष्ट छवि में उनके योगदान का वर्णन किया। इस दौरान कुलपति ने विभिन्न संस्थाओं से आए सभी प्रतिभागी शिक्षकों का विश्वविद्यालय परिसर में स्वागत किया। कुलपति ने ज्ञान के सृजन को किसी भी संस्थान का मुख्य लक्ष्य बताया और सभी शिक्षकों से अनुरोध किया कि वे इस लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं। यह 24 दिवसीय कार्यक्रम भारतीय दर्शन, भारतीय विदेश नीति, शिक्षण शास्त्र पर केंद्रित है, जो शिक्षकों को 21वीं सदी की वर्तमान चुनौतियों के लिए दक्ष बनाता है।

67वें दीक्षांत समारोह के लिए समितियां गठित

स्वतंत्र भारत संवादादात, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने 67वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों के लिए मंथन कक्ष में एक बैठक की। इस मौके पर कुलपति द्वारा दीक्षांत समारोह के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। बैठक में उक्त समिति से संबंधित सभी शिक्षक मौजूद रहे।

कुलपति ने तैयारियों को लेकर की बैठक

कुलपति ने दीक्षांत समारोह के लिए पंडाल की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। संबंधित लोगों ने पंडाल में बैठने की व्यवस्था, मंच की व्यवस्था और उसकी साज-सज्जा तथा पंडाल और परिसर में विभिन्न स्थानों पर लगने वाले एनसीसी कैडेट्स और स्वयं सेवकों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही कुलपति ने निर्देश दिए कि दीक्षांत समारोह की तैयारी में पुलिस प्रशासन,जिला प्रशासन और नगर निगम को भी इस आयोजन के संबंध में अवगत करा दिया जाय। कुलानुशासक प्रो.राकेश द्विवेदी ने बताया कि सभी को पत्र भेजा जा चुका है। इसी के साथ कुलपति ने राज्यपाल के आगमन एवं प्रस्थान और पदकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की और उसको बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

विधि संकाय का ओरिएंटेशन सत्र सम्पन्न

स्वतंत्र भारत संवादादात, लखनऊ। एडीआर, ड्राफ्टिंग एंड लिटरेरी सोसाइटी, विधि संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय का ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किया गया। हेड और डीन, प्रो.बी.डी.सिंह, विधि संकाय ने छात्रों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों को कानूनी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के प्रमुख बिंदुओं के बारे में बताया। प्रो.आर.के.सिंह ने एडीआर और आज के समाज में इसकी भूमिका के बारे में प्रदर्शन किया।

सोसायटी के शिक्षक समन्वयक प्रो.हरिश्चंद्र राम ने एडीआर के तरीकों के बारे में ध्यान केंद्रित किया। कार्यक्रम के अंत में,सहायक शिक्षक समन्वयक, डॉ.कौशलेंद्र सिंह ने छात्रों को सोसायटी के कामकाज के बारे में बताया। सोसायटी के सदस्यों ने एडीआर, ड्राफ्टिंग एंड लिटरेरी सोसायटी के बारे में विस्तार से बताया और अंत में सोसायटी की प्रेसिडेंट आरजू नायाब ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का शुक्रिया अदा किया।

शुरू हुआ गुरु दक्षता कार्यक्रम

लखनऊ : लवि के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के 24 दिवसीय गुरू दक्षता कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को हुआ। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विभिन्न संस्थाओं से आए हुए सभी प्रतिभागी शिक्षकों का स्वागत कर ज्ञान के सृजन को किसी भी संस्थान का मुख्य लक्ष्य बताया। केंद्र के निदेशक कमल कुमार ने बताया कि 24 दिवसीय यह कार्यक्रम भारतीय दर्शन, भारतीय विदेश नीति व शिक्षण शास्त्र पर केंद्रित है। (जासं)

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

दीक्षांत की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

लखनऊ। लखनऊ विवि में 16 सितंबर को होने वाले 67वें दीक्षांत समारोह के संबंध में सोमवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बैठक की। इसमें कुलसचिव, डीन व विवि के अन्य अधिकारी शामिल रहे। कुलपति ने सभी को जरूरी निर्देश दिए। शिक्षक, विद्यार्थी अपनी पोशाक व अंगवस्त्र 14 व 15 सितंबर को कुलानुशासक कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। (संवाद)

HT PAGE 4

Lucknow Univ's convocation week begins with mock parliament

HT Correspondent
letters@htlive.com

LUCKNOW: Lucknow University (LU) students donned the role of parliamentarians to speak their mind about this year's Union Budget at a two-day mock parliament session that began at AP Sen Hall of the university on Monday. The mock parliament is part of the 'convocation week' celebrations of the university and will continue till September 15.

Over 100 students from different departments participated in the event organised by the political science department in association with Sanskritiki (the cultural wing of LU). Three students played the role of a speaker (Saswat Sanskrit) and two deputy speakers (Jahnavi Yadav and Sarvajeet Shukla) in the programme.

A mock parliament session underway at LU's AP Sen Hall on Monday. HT

Atulit Pandey, a BSc Geology student who represented Amethi, said: "It was enlightening as I got to learn about problems of people and minute things related to the budget." Sudhanshu Mishra, who is pursuing BSc Mathematics and represented Sitapur, said it was the first time he attended such an event.

DRESS CODES FINALISED

During a meeting, dress codes for officials, faculty members and students receiving degrees were decided on Monday. While male teachers will be required to wear black coat with black trousers and black shoes, it will be mandatory for their female counterparts to wear cream-coloured saree with golden border, blouse of the same colour and black shoes.

Arpita Tripathi, a B.Com student who represented Chandauli constituency, said: "It was a learning experience because while preparing for the event I learnt several details about the budget."

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर कुलपति ने किया मंथन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के मंथन कक्ष में कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने 67वें दीक्षांत समारोह की तैयारी के लिए एक बैठक की। इस समारोह के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। इस बैठक में समिति से संबंधित सभी शिक्षक गण उपस्थित थे। कुलपति ने दीक्षांत समारोह के लिए पंडाल की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की।

संबंधित लोगों ने पंडाल में बैठने की व्यवस्था, मंच की व्यवस्था और उसकी साज-सज्जा तथा पंडाल और परिसर में विभिन्न स्थानों पर लगने वाले एनसीसी कैडेट्स एवं स्वयं सेवकों के बारे में जानकारी दी। साथ ही कुलपति ने निर्देश दिए कि दीक्षांत समारोह की तैयारी में पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन और नगर निगम को भी इस आयोजन के संबंध में अवगत करा दिया जाय। कुलानुशासक प्रो राकेश द्विवेदी ने बताया की सभी को पत्र भेजा जा चुका है। इसी के साथ कुलपति ने राज्यपाल के आगमन एवं प्रस्थान और पदकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की और उसको बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

गुरु दक्षता कार्यक्रम में कुलपति ने शिक्षकों को दिया मंत्र

लखनऊ। लविवि के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के 24वें गुरू दक्षता कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को हुआ। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय और कला संकाय अध्यक्ष प्रो अरविंद मोहन ने कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र पर अपना उद्बोधन दिया।

प्रो कमल कुमार, निदेशक एमएमटीटीसी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और विश्व के सामने उपस्थित गतिमय समस्याओं को उजागर करते हुए उच्च शिक्षा की भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने कुलपति प्रो आलोक कुमार राय को धन्यवाद करते हुए विश्वविद्यालय की विशिष्ट छवि में उनके योगदान का वर्णन किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने विभिन्न संस्थाओं से आए सभी प्रतिभागी शिक्षकों का विश्वविद्यालय के परिसर में स्वागत किया। उन्होंने ज्ञान के सृजन को किसी भी संस्थान का मुख्य लक्ष्य बताया और सभी शिक्षकों से अनुरोध किया कि वे इस लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं। यह 24 दिवसीय कार्यक्रम भारतीय दर्शन, भारतीय विदेश नीति, शिक्षण शास्त्र पर केंद्रित है, जो शिक्षकों को 21वीं सदी की वर्तमान चुनौतियों के लिए दक्ष बनाता है।

TOI PAGE 3

LU students talk on impact of budget at 'parliament' session

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University's AP Sen Hall turned into a mini parliament with students assuming the role of MPs and debating the impact of the Union Budget on the middle class.

The 'Mock Parliament' event, part of the convocation week celebrations, saw 116 students representing various constituencies across the nation. They presented a comprehensive analysis of the budget after thorough research.

"There are many loopholes in the Budget 2024, be it the removal of indexation, fluctuations in short-term and long-term taxes, and most importantly the heavy tax burden on the middle-class. This budget is not at all in the interest of the common man," said BCom (Hons) student Nitya Patel, playing the role of an opposition MP.

She also raised motions on how the govt should work on its fiscal management.

BSc student Atulit Pandey said, "Low budget allocation to the education sector is worrisome. The govt has just allocated 2.5% of the total budget to the education sector, which is even lower than the revised estimate for the previous year."

They analysed every single allocation of the budget.

BCom (Hons) student Prince Kumar Singh discussed the plight of the salaried class people who are being crushed under the heavy burden of taxes and talked about the minimum support price for farmers.

Meanwhile, proponents of the budget defended the allocations, quoting facts.

"Mock parliament is a debate aimed to provide students with a deeper understanding of the workings of parliament while honing their public speaking skills and encouraging them to critically analyse public issues. Students passionately argued in favour of the middle class. The atmosphere in the AP Sen Hall mirrored the intensity and fervour of a real parliamentary session," said LU's Sanskritki Board Additional Director Navina Wadhwani.

Alok Kumar

Participants at the 'Mock Parliament' event at LU on Monday

Girls pip boys, set to get max medals at LU's convocation

Lucknow: Lucknow University will fete its top-performing students during the convocation ceremony on Sept 16.

The university will present a total of 196 medals, including gold, silver, and bronze, to recognise academic excellence. Like previous years, girls have outshone boys securing most of the medals. Out of the 107 medal winners 74 are girls while only 33 boys have earned this distinction. MA (psychology) student Anushka Jain has clinched the prestigious Chancellor's Gold Medal, which is awarded to the best student in a faculty. Another girl student, Anshika Tiwari (BCom sem 5), has won the "Dr Chakravarti Gold Medal," awarded to the best NCC student.

Furthermore, the student who has secured the highest number of medals is also a girl.

Sailja Chaurasia, an MSc mathematics student, has achieved a remarkable feat by winning 13 medals. TNN

LU opens 'Guru Dakshata' programme for teachers

Lucknow: The Malaviya Mission Teacher Training Centre (MMTTC) at the Lucknow University launched its 24-day offline teacher training programme, 'Guru Dakshata', on Monday. This comprehensive programme aims to enhance the educators' skills in areas such as Indian philosophy, pedagogy and Indian foreign policy.

Chief guest at the inaugural session, vice chancellor Alok Kumar Rai said, "Teachers play a significant role in shaping the society and programmes like these are crucial for their professional growth."

VC Alok Kumar Rai at the event

This programme, part of the university's initiative to promote holistic development, offers educators the tools and knowledge needed to adapt to the evolving educational landscape. TNN

LOKSATYA PAGE 2

67वें दीक्षांत समारोह की तैयारी को हुई बैठक

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय के मंथन कक्ष में कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने 67वें दीक्षांत समारोह की तैयारी के लिए एक बैठक की। समारोह के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। बैठक में समिति से संबंधित सभी शिक्षक मौजूद रहे। प्रो आलोक कुमार राय ने दीक्षांत समारोह के लिए पंडाल की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। संबंधित लोगों ने पंडाल में बैठने की व्यवस्था, मंच की व्यवस्था और उसकी साज-सज्जा, पंडाल और परिसर में विभिन्न स्थानों पर लगने वाले एनसीसी कैडेट्स एवं स्वयं सेवकों के बारे में जानकारी दी। कुलपति प्रो आलोक ने निर्देश दिए कि दीक्षांत समारोह की तैयारी में पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन और नगर निगम को भी इस आयोजन के संबंध में अवगत करा दिया जाय।